हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 भगवान हनुमान को लगाया गया 56 भोग



12 जमाही में मना हनुमान जन्मोत्सव





खबर संक्षेप

### पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं को मिलेगा संवैतनिक अवकाश

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सीमावर्ती जिले में मतदान दिवस के दिन वहां के ऐसे मतदाताओं जो गरियाबंद जिले में किसी निजी संस्थान में नियोजित है, उनको अपने राज्य में मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ के सीमा से लगे हुए आंध्रप्रदेश, ओड़िसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड एवं तेलांगाना राज्य के मतदाताओं को जो गरियाबंद जिले के निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व्यवसाय नियोजित है, ऐसे मतदाताओं को उनके राज्य के मतदान दिवस को मतदान के लिए संवैतनिक अवकाश मिलेगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जरूरी आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में द्वितीय चरण अंतर्गत 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए राज्य शासन द्वारा संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही पड़ोसी राज्यों के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में कार्यरत है, उनको भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

### डीएलएड की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 25 से

**छुरा।** नगर स्थित निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में संचालित कोर्स डीएलएड विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 25 से 30अप्रैल तक समय सुबह 7:30 से 11:30 बजे के बीच किया गया है। जिसमें संबंधित विषय के सभी छात्रा और अध्यापकों की उपस्थिती अनिवार्य की गई है। विभाग प्रमुख केआर साहू ने सभी छात्रा अध्यापको को नियत समय पर महाविद्यालय में सभी अनिवार्य प्रायोगिक फाइलो के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

### सोना-चांदी, नगदी सहित 1.85 लाख रुपए की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारीपाली से सोने-चांदी के साथ नगदी रकम की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी बूंदराम नायक पिता खामसिंग (56) शिकारीपाली निवासी के घर से सोने-चांदी के जेवर कीमत 85 हजार रुपए एवं नगदी रकम 1 लाख रूपए कुल 1 लाख 85 हजार रुपए को चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम किया है।

### जहर सेवन करने से युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हरिलछापर निवासी युवक की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 13 नवंबर 2023 को उमेश कश्यप पिता अमृत (23) ने जहर सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत में लगे फेंसिंग खंभे से टकराई बाइक, मौत

**महासमुंद।** ग्राम खट्टा पतई रोड किनारे खेत में लगे फेंसिंग खंभे से टकराकर बाइक चालक की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवी 9212 का चालक डोमेंद्र ध्रुव पिता आनंद ध्रुव निवासी पटेवा वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए तार खंभे से टकरा गया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध कायम करते हुए जांच विवेचना में लिया है।

# क्षेत्र के ग्रामीणों का आज भी पत्तों से बने प्लेट और दोना में भोजन करना पहली पसंद

## इन दिनों शादी-विवाह में जमकर हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

लगातार बदलते सामाजिक परिवेश में जहां एक तरफ सामाजिक भोज के लिए प्लास्टिक व थर्माकोल की डिस्पोजल डिजाईनिंग थालियों व अन्य पात्रों का उपयोग आज आधुनिकता के दौर मे किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर वनांचल मैनपुर क्षेत्र में निवास करने वाले लोग जो पर्यावरण प्रेमी है आज भी पत्तों में ही करते हैं। भोजन माहुल व साल के पत्तो में भोजन खाना पुरानी परंपरा है। वनांचल क्षेत्र में प्लास्टिक थर्माकोल व डिस्पोजल की थालियों को आज भी लोग पसंद नहीं करते हैं। इन दिनों शादी विवाह जमकर हो रही है, क्षेत्र में लगभग हर गली मोहल्लों में शादी विवाह की धूम मची हुई है और ऐसे समय में एक साथ हजारों लोगों को भोजन कराने के लिए पत्ते से बने थाली आसानी से उपलब्ध हो जाता है। ग्रामीण अपने आसपास के जंगल में जाकर आसानी से पत्ते तोड़कर लाते है और इससे घर में ही थाली तथा दोना का निर्माण कर लेते हैं। और यह किसी प्रकार के लोगों को नुकसान भी नहीं पहुंचाता साथ ही इसे सेहत के दृष्टि से काफी बेहतर माना जाता है। आदिकाल से पत्ते में भोजन करने की परंपरा चली आ रही है और इस परंपरा का आज भी निर्वाहन किया जा रहा है, जिसमें कोई खर्च भी नही होता। क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सामूहिक भोज में पत्तों का उपयोग परंपरा में शामिल

वनांचल क्षेत्र मे निवास करने वाले लोगों का जीवन मुख्यतः वन पर आधारित है। इसलिए प्राचीन काल से ही आदिम समाज की परंपरा के रूप में पेड़ -पौधो के पत्तों का उपयोग विभिन्न कार्यों में किया जाता है। जैसे पत्तों से दोना पत्तल, खुमरी, बारिश के समय बचने के लिए छतरी जिसे सर मे पहना जाता है। बेदा अर्थात अनाज रखने का एक छोटा पात्र, डोलंगी अनाज रखने का बड़ा पात्र घर निर्माण में लता का उपयोग रस्सी के रूप में, खाट निर्माण के लिए लकड़ी व मनुष्य के जीवन में पेड़- पौधे का काफी महत्व है। इन दिनों शादी विवाह के कारण एक साथ सैकड़ों हजारों लोगों की भोजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन हजारों प्लेट की जरूरत पड़ती है और इसकी पूर्ति आसानी से आदिम परंपरा अनुसार ग्रामीण पेड़ों के पत्तों से कर रहे हैं। ठेमली के ग्रामीण गोविन्द ध्रुव, फरस राम, सहदेव ध्रुव, बुधराम सोरी ने बताया हमारे क्षेत्र में ग्रामीण शादी विवाह व अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यों में पत्तों से बने प्लेट में ही भोजन करना सामूहिक रूप से पसंद करते है। हम लोग थर्माकोल और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करते।



## लोस चुनाव : मतदान केंद्र की 100 मीटर परिधि में राजनीतिक प्रचार प्रतिबंधित

# जिले में आज थम जाएगा चुनावी शोर जुलूस और सभाओं पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार से संबंधी किसी भी माध्यम का नहीं कर सकेंगे उपयोग

लोकसभा निर्वाचन के तहत जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के लिए सभा, रैली, जुलूस इत्यादि प्रचार-प्रसार की समय सीमा मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व तक की होती है, जो कि बुधवार शाम 6:00 बजे तक है। इसके उपरांत किसी प्रकार की चुनावी रैली, लाउडस्पीकर आदि वर्जित रहेंगे। चुनावी प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले के चिन्हांकित 9 मतदान केंद्रों के क्षेत्र में चुनाव प्रचार बुधवार दोपहर 3:00 बजे तक एवं शेष 546 मतदान केन्द्रों में चुनाव प्रचार बुधवार शाम 6:00 बजे तक ही किया जा सकता है। मतदान दिवस पर एक प्रत्याशी को उनके आवेदन के आधार पर अधिकतम तीन वाहनों के प्रयोग की अनुमति होगी। जिसमें से एक स्वयं के लिए, एक एजेंट के लिए, एक कार्यकर्ता के लिए यह केवल मतदान दिवस पर अनुमति होगी। मतदाताओं के आने-जाने हेतु प्रलोभन पर प्रतिबंध होगा। मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में राजनीतिक प्रचार वर्जित होगा।

**मतदान कार्य में बाधा डालने वाले पर होगी कार्रवाई-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी के वैध निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है या दुर्व्यवहार करता है उसे किसी भी पुलिस अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके आदेश पर मतदान केंद्र से हटाया जा सकता है।

**मतदान केंद्र में मोबाईल फोन ले जाना प्रतिबंधित-** तदान केन्द्र में मोबाईल फोन, सैल्युलर फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान केंद्र या उसके 100 मीटर के भीतर ऐसे टोपी, शॉल, बैज, प्रतीक आदि की अनुमति नहीं होगी, जिस पर राजनीतिक दल, उम्मीदवारों या राजनीतिक नेताओं के नाम और उनके नारे, प्रतीक या उनका सचित्र प्रतिनिधित्व हो, जो किसी चुनाव लड़ने के लिए प्रचार के लिए हो सकते है, उन्हे अनुमति नहीं दी जाएगी।

**प्रचार-प्रसार टेलीविजन आदि के माध्यम से नहीं होगा-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने बताया कि मतदान दिवस के 48 घंटे के भीतर किसी भी प्रकार का सभा जुलुस निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार के लिए वाहन की उपयोग की अनुमति नहीं होगी। बल्क एसएमएस, वाईस कॉल जातिगत, धार्मिक, मस्जिद, मंदिर, गुरूद्धारा, चर्च एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर अंतिम 48 घंटों में अपील राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी द्वारा प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। मतदान ▶▶| शेष पेज 10 पर



### मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में प्रचार बैन

प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की पोस्टर, बैनर मतदान केंद्र के 100 मीटर परिधि में नहीं होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आवश्यक सेवाओं जैसे हॉस्पिटल वाहन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर आवश्यक विद्युत सेवा, पुलिस वाहन एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदाताओं के सहयोग के लिए बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर तैनात किया जाएगा।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में मनाया गया जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हनुमान जन्मोत्सव में पूरा शहर भक्तिमय रहा। कुम्हार पारा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इसी तरह से परसदा में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन हर्ष व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के विभिन्न हनुमान मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना व हवन पूजा विधि विधान के साथ किया गया। हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वहीं हवन पूजन के पश्चात कार्यक्रम के अंत में प्रसाद के रूप में खीर- पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर चिंताराम साहू, कुमा तारक, रोहित साहू, पूरन लाल साहू, रामकुमार हिरवानी, डेरहू राम साहू,कुणाल साहू,नारद साहू, उमाशंकर साहू, पूनम साहू, पेमेंद्र साहू, मौसमी माला साहू, मुस्कान साहू, खुशबू साहू, द्रौपदी साहू, निर्मला साहू व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भेण्डरी में शोभायात्रा...



**राजिम।** भेण्डरी के हनुमान मंदिर में सुबह हवन-पूजन कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान जी महाराज का चोला बंदन कर नया वस्त्र चढ़ाया गया। इस अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। जसमें बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। इसी तरह से ग्राम बुड़ेनी में रामचरित मानस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिरसिंग सिन्हा, कार्तिक राम साहू, राजू साहू, नंद सेन, महेंद्र साहू, घनश्याम साहू, गिरधारी सिन्हा, घनश्याम साहु रामूराव, नदेश, नथलू आदि ग्रामीण जन मौजूद थे।

## 24 से 26 अप्रैल तक बंद रहेगी मदिरा दुकानें

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर 24 अप्रैल को सायं 06 बजे से 26 अप्रैल को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश दिए है। इसी प्रकार मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त मदिरा दुकानों को सम्पूर्ण दिवस के लिए पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण में सीमावर्ती जिला रायपुर में 07 मई को मतदान होने के कारण गरियाबंद जिले के अंतर्गत स्थित राजिम (बाह्य) देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 05 मई को शाम 6 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधी कार्य निर्विध्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त तिथियों में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने उक्त शुष्क दिवसों में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय - विक्रय, भंडारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण करने के निर्देश दिए है। साथ ही शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाकर उन्हें जप्त करने की कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए है।

## मतदाताओं का स्वागत करेंगे राजकीय पशु वनभैंसा सहित अन्य वन्य प्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

लोकसभा चुनाव द्वितीय चरण के मतदान के तहत गरियाबंद जिले में 26 अप्रैल को मतदान होना है। शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने आदर्श एवं संगवारी मतदान केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। यह मतदान केन्द्र मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय प्राथमिक शाला को आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। विकासखण्ड के गोहरापदर में बहुत ही खूबसूरत मतदान केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। यहां मतदाताओं का स्वागत राजकीय पशु वनभैसा के साथ ही अन्य वन्य प्राणी द्वारा किया जाएगा। मतदान केन्द्र में राजकीय पशु वनभैंसा, हिरण, भालू, बांस और छिंद घास से झोपड़ी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन भी बनाया जा रहा है, जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सभी मतदान केन्द्रों में छाया की व्यवस्था की जा रही है, जिससे मतदाता गर्मी से बच सकें। सभी मतदान केन्द्रों में पानी के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प व अन्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रहा है। शौचालय के साथ ही साफ सफाई पर ▶▶| शेष पेज 10 पर



## मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# प्रेक्षक अनिल ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने गरियाबंद, मालगांव एवं बारूका के मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने बीएलओ से मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि मतदान पर्ची का वितरण मतदाताओं को किया जा चुका है। इसके अलावा मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मतदाताओं को आसानी से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिले, इसके लिए मतदान केन्द्र के बाहर सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने एवं बाउंड्रीवाल पर भी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता सूची का मिलान कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरूष शौचालय की अलग - अलग व्यवस्था सुनिश्चित कर साफ-सफाई कराये। तथा उसकी जानकारी भी मतदाताओं को अवश्य दे। इसके अलावा मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, छाया आदि क्रियाशील रहे, इसका भी ध्यान रखे। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, मतदान का समय, कुल मतदाता, महिला-पुरूष, मतदान केन्द्र का नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम भी अंकित हो तथा दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प व मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने बीएलओ से कहा कि गांव में लोगों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को है, इसकी जानकारी गांव वालों को भी बताये और संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करे यह जरूर बताये। बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान ▶▶| शेष पेज 10 पर





## मतदान दिवस 26 को रहेगा सामान्य अवकाश

**गरियाबंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान के लिए 26 अप्रैल को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके अंतर्गत जिले के राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदातागण अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

हरिभूमि पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मेगा समर कैंप 1 मई से पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** यूनियन क्लब एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 1 मई से 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में 8 से 18 साल आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया कि मेगा समर कैंप मोतीबाग चौक यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ,छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, शंकर नगर पंचायत मुखी मुरली केवलानी एवं सतीश छुगानी के अलावा विक्की लोहाना, मुकेश पंजवानी, चंदन जैसिंघ, प्रणीत सुंदरानी, नितिन कृष्णानी, जीतेंद्र मलघानी, दीपक रामनानी, संजीव जसवानी आदि शामिल थे।

### प्रेस क्लब को भेंट किया नया वाटर कूलर



**रायपुर।** भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी ने रायपुर प्रेस क्लब को नया वाटर कूलर भेंट किया है। वॉटर कूलर का उद्घाटन रविवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, सदस्य अमर बरलोटा, कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल, विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी की अध्यक्ष हर्षिता टाटिया और सदस्यों ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विमल महिला मंडल की सदस्यों ने नारे व जयकारों के माध्यम से भगवान महावीर के संदेशों से अवगत कराया। इस अवसर पर महिला मंडल से प्रिया लोढ़ा, कोकिला सुराना आदि मौजूद रहे।

### मतदान जागरूकता, निकाली मेगा कार रैली



**रायपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर ने रविवार को सरकार द्वारा संचालित मेगा कार रैली में हिस्सा लिया तथा लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक किया। भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से सौ फीसदी मतदान के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। जहां लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी को अवगत कराया कि गर्मी को देखते हुए वोटिंग की समयसीमा भी बढ़ाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष पुष्पा मालवीय, पूर्व अध्यक्ष शारदा सिंह एवं अन्य सदस्य प्रियंका मिश्रा, रुचिता राव, डॉ. अनामिका सिंग, डॉ. रितु जैन इत्यादि भी उपस्थित थे।

# सालभर में आरपीएफ ने 1098 यात्रियों की पहचान कर लौटाया बैग

## ऑपरेशन अमानत के तहत रेल सुरक्षा बल ने यात्रियों को दिलाया गुम हुआ सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

रेलवे में भुलक्कड़ यात्रियों की कमी नहीं है। हर दिन 3 से 4 यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म में अपना सामान भूल जाते हैं, जिन्हें जांच कर यात्रियों को फिर लौटाने का कार्य आरपीएफ करता है।

अप्रैल 2023 से अभी जोन में 2000 से अधिक यात्री ट्रेन में सफर के दौरान अपना सामान भूल चुके हैं, जिसमें 1098 यात्रियों को सामान बरामद कर आरपीएफ ने लौटाया है, जिसकी कीमत 1 करोड़ 73 लाख बताई गई। आरपीएफ का कहना है कि स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही यात्री सबसे पहले अपने परिवार के लोगों को चढ़ाते या उतारते हैं। इसके बाद सामान को रखने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं, लेकिन जल्दबाजी में उनका कुछ सामान कभी-कभी ट्रेन या प्लेटफार्म पर छूट जाता है। इन समस्याओं के निवारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'आपरेशन अमानत' के तहत रेलवे सुरक्षा बल दिन-रात पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है।

### आरपीएफ सामान की करती है सुरक्षा

यात्रियों का यदि कोई सामान ट्रेन में छूट जाता है तो रेलवे सुरक्षा बल उसे सुरक्षित स्थान पर रखती है। ट्रेनों में आरपीएफ लोगों को जागरूक कर रही है कि गुम हुए सामान के लिए यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है या फिर स्टेशन पर संबन्धित कार्यालयों में भी कर सकते हैं। रेलवे सुरक्षा बल के जवान सामान की रिकवरी कर सत्यापन के बाद सामान संबंधित यात्री को वापस सौंपते हैं।





### रायपुर में 421 यात्रियों को मिला सामान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वित्तीय वर्ष अप्रैल-23 से मार्च-24 तक रेल के सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत 1098 यात्रियों को 2 करोड़ 13 हजार रुपये मूल्य के गुम हुआ सामानों को वापस लौटाया है । इसके अंतर्गत बिलासपुर डिविजन में 516 यात्रियों को 67 लाख 21 हजार रुपये का, रायपुर डिविजन में 421 यात्रियों को 01 करोड़ 02 लाख 38 हजार रुपये का तथा नागपुर डिविजन में 161 यात्रियों को 43 लाख 56 हजार रुपये का छूटा हुआ सामान लौटाया है।

## एनओसी के पुनर्मूल्यांकन की रिपोर्ट मांगी

# लीज की मियाद 6 माह बढ़ी, जिले में 168 खदानें, एनओसी 20 को

- पत्थर खदानों से संबंधित ठेकेदारों को भी पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के तहत एनओसी लेने के लिए 27 अक्टूबर 2024 तक का समय मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

पत्थर खदानों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण से मिली लीज की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ा दी गई है। इस तरह पत्थर खदानों से संबंधित ठेकेदारों को भी पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के तहत एनओसी लेने के लिए 27 अक्टूबर 2024 तक का समय मिल गया।

भोपाल की एनजीटी इकाई ने देशभर में पत्थर खदानों की लीज अवधि खत्म होने के पहले ही खदानों में उत्खनन पर रोक लगा दी थी, जिसके विरोध में कई ठेकेदारों ने सुप्रीम कोर्ट से लेकर अलग-अलग राज्य के हाईकोर्ट में याचिका लगाई हुई है। इन याचिकाओं के तहत सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में एनजीटी की रोक आदेश को रद्द करते हुए अवधि खत्म होने तक खदानें चालू रखने के निर्देश दिए हैं। इधर लीज की अवधि अब 28 अप्रैल को खत्म हो रही है। इस मामले में केरल हाईकोर्ट ने खदानों को सीआई-डीआई से मिली एनओसी के पुनर्मूल्यांकन की रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट पेश करने पर्यावरण विभाग ने लीज की अवधि 6 महीने बढ़ाने का आदेश जारी किया है।



फाइल फोटो

### रायपुर जिले में 168 खदानें, एनओसी सिर्फ 20-25 को

छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में पत्थर की सैकड़ों खदानें ठेके पर संचालित हैं। इनमें रायपुर जिले में भी करीब 168 खदानें हैं, जिनमें अब तक सीआ से करीब 20 खदानों को ही नये नियमों के तहत एनओसी मिल पाया है। शेष खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिला है।

### मियाद 6 माह बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद रायपुर जिले में सभी पत्थर खदानें चालू हैं। 28 अप्रैल को खत्म हो रही लीज की अवधि आगामी 6 माह के लिए बढ़ा दी गई है। जिले में कुछ खदानों को एनओसी मिल गया है, अन्य सभी के आवेदन सीआ के पास पेंडिंग है।

\- **केके गोलघाटे,** जिला खनिज अधिकारी

### रिपोर्ट केरल हाईकोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय को पेश करने के लिए कहा

पर्यावरण विभाग के ई वैज्ञानिक व सक्षम अधिकारी सुंदर रामनाथ ने इस संबंध में 15 मार्च 2024 को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मामले में 2022 के ओ.ए.142 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (प्रधान पीठ) ने पारित आदेश 07.12.2022 के अनुपालन में 28 अप्रैल 2023 के ओएम के माध्यम से सभी एसईआईएए को 15.01.2016 से 13.09.2018 तक डीईआईएए द्वारा जारी पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) का पुनर्मूल्यांकन करने और नए ईसी देने के लिए एक वर्ष के लिए अवधि प्रदान की गई थी। इसके बाद प्राप्त अभ्यावेदन के आधार पर 15.01.2016 से 13.09.2018 तक डीईआईएए द्वारा जारी ईसी के पुनर्मूल्यांकन के लिए वर्क फ्लो को परिवेश में एकीकृत किया गया और मंत्रालय ने 15.01.2024 के ओएम के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन के लिए एसओपी जारी किया। इस अवधि के बीच सीआ और डीआ ने जितने खदानों को एनओसी जारी किए है। इसकी रिपोर्ट केरल हाईकोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय को पेश करने के लिए कहा। इधर मंत्रालय ने ओएम के अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सभी एसईआईएए, एसईएसी को दो बार पत्र भी जारी कर चुका है, लेकिन अब तक इस संबंध में रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी नहीं गई है। रिपोर्ट आने में और समय लगेगा। इसे देखते हुए विभाग ने फिलहाल लीज की मियाद आगामी 6 महीने के लिए बढ़ा दी है।

# मंहगाई, बेरोजगारी व आरक्षण जैसे मुद्दों पर बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी : बैज





**छुरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज क्षेत्र के ग्राम रानीपरतेवा, एवं छुरा नगर पहुंचे। जहां सभी ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात वे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्र की बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए वादा पूरा करने में असफल बताया वहीं मंहगाई, बेरोजगारी, आरक्षण जैसे मुद्दों पर बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी बताया। वहीं महासमुन्द लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में मतदान की अपील भी करते हुए महासमुंद लोकसभा सीट में कांग्रेस की जीत को पक्का बताया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी को हार का डर सता रही है इसी लिए बीजेपी के छोटे से लेकर बड़े नेताओं का दौरा छत्तीसगढ़ में चल रहा है। तत्पश्चात वे छुरा नगर के सभा संबोधन के पश्चात ग्राम कोचवाय के लिए रवाना हुए। वहीं इस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ ब्लाक स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भाव सिंग साहू, सुघ्घर मल आड़े, बाल मुकुंद मिश्रा, यशपेन्द्र शाह, समद खान रिजवी, रमेश शर्मा, समीम खान, सलीम मेमन, चिराग अली, अशोक दीक्षित, आकाश दीक्षित, इस्माइल मेमन, न्याज अहमद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रेन में दिव्यांग आरक्षित सीटों के कोटे में बदलाव, स्लीपर और एसी कोच में 2 लोअर व मिडिल बर्थ सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

दिव्यांगों को ट्रेन में सफर के दौरान किराए में छूट तो मिलती है, लेकिन टिकट वेटिंग होने से खड़े होकर सफर करना मुश्किल हो जाता है। दिव्यांगों की इन समस्या को दूर करने अब रेलवे बोर्ड ने स्थाई समाधान निकाला है।

रेलवे ने दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटों के कोटे में नया बदलाव किया है। आरामदायक सीट सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में उनके लिए नीचे की बर्थ निर्धारित की है। हालांकि, अकेले या छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह सुविधा पहले से ही मौजूद है। अब हर क्लास में उन्हें और उनके साथ चलने वाले अटेंडेंट यानी सहायक को आरक्षित सीटें मिलेंगी वो भी लोअर और मिडिल बर्थ। हालांकि इस सुविधा के लिए उनको पूरा किराया देना पड़ सकता है। रायपुर मंडल में 45 हजार से अधिक लोगों के पास दिव्यांग प्रमाणपत्र है। उन लोगों को ट्रेन में सफर करने पर आरामदायक सीट मिलेगी।

### एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच में रेलवे ने दिव्यांग यात्रियों का कोटा किया निर्धारित



### सीट कन्फर्म होने पर मिलेगी आरक्षित बर्थ

दिव्यांग यात्रियों की टिकट बुकिंग करते समय ही सीट आरक्षित कर दी जाएगी। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र लगाना होगा। यदि टिकट बुक करते समय वेटिंग है तो सीट कन्फर्म होने पर भी उन्हें आरक्षित बर्थ ही दिया जाएगा। रेलवे दिव्यांग व्यक्तियों की चार श्रेणियों के लिए किराए में रियायत प्रदान करता है। अस्थि विकलांग व पैराप्लेजिक व्यक्ति और मानसिक रूप से मंद व्यक्ति जो बिना सहायक के यात्रा नहीं कर सकते, पूरी तरह से नहीं देख पाने वाले व्यक्ति और पूरी तरह से मूक-बधिर अकेले या एक सहायक के साथ यात्रा कर रहे हैं।

### ट्रेनों में इस तरह सीट की होगी व्यवस्था

31 मार्च को जारी आदेश में रेलवे बोर्ड ने कहा है कि स्लीपर क्लास में चार बर्थ, दो लोअर और दो मिडिल, थर्ड एसी में दो बर्थ, एक लोअर और एक मिडिल, इकोनॉमी क्लास में दो बर्थ, एक निचला और एक मध्य दिव्यांग और उनके परिचारकों के लिए आरक्षित होगा। वहीं गरीब रथ ट्रेनों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दो निचली बर्थ और दो ऊपरी बर्थ आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि इस सुविधा के लिए उन्हें पूरा किराया देना होगा। इसके अलावा, एसी चेयर कार ट्रेनों में दो सीटें 'दिव्यांग' व्यक्तियों के लिए आरक्षित होंगी।

### पहली प्राथमिकता

टिकट बुकिंग के दौरान दिव्यांग यात्री और उनके साथ चल रहे सहायक को नीचे की बर्थ देना पहली प्राथमिकता रहती है। प्रमाणपत्र दिखाने पर ट्रेन में सफर के दौरान किराए में छूट मिलती है।

\- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

# चार घंटे घेरे रखा रविवि का प्रशासनिक भवन, इसके बाद पहुंचे शिक्षामंत्री के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

## बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम को लेकर आक्रोशित हैं छात्र

सोमवार को पं. रविशंकर शुक्ल विवि में चार घंटों तक हंगामा होता रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने विवि के प्रशासनिक भवन का घेराव करने के साथ ही जमकर नारेबाजी की। छात्र बीबीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों को लेकर नाराज चल रहे हैं। इसकी पुनः जांच की मांग को लेकर ही विद्यार्थी रविवि पहुंचे हुए थे। इसके पूर्व भी विद्यार्थियों द्वारा उक्त कक्षा के नतीजों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है। उस वक्त छात्रों को 15 दिनों में जांच का आश्वासन दिया गया था। कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद छात्रों द्वारा सोमवार को पुनः विरोध-प्रदर्शन किया गया।

एबीवीपी ने कुलसचिव शैलेंद्र पटेल पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है। एबीवीपी के महानगर मंत्री सुजल गुप्ता ने कहा, विद्यार्थी बाहर आंदोलन कर रहे थे। कुलसचिव चार घंटे तक अपने केबिन में बैठे रहे और बाहर निकलते ही छात्रों के खिलाफ एफआईआर करने की धमकी भी दी। हमारी छोटी सी मांग को लेकर कुलसचिव द्वारा ऐसी धमकी देना अत्यंत निंदनीय है।





### ऑर्डिनेंस में करें बदलाव

रविवि में प्रदर्शन करने के अलावा एबीवीपी ने सोमवार को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर तीन सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि आर्डिनेंस-197 के कारण तृतीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण, लेकिन प्रथम सेमेस्टर में एटीकेटी आने वाले छात्रों को चतुर्थ सेमेस्टर में बैठने नहीं दिया जा रहा है। इससे प्रदेश भर के हजारों विद्यार्थियों का एक वर्ष बर्बाद हो रहा है। इसके अलावा छात्रों ने सेमेस्टर परीक्षा में उतरपुस्तिका के पुनर्गणना के साथ पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान करने की भी मांग की है। छात्रों ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में भी कृपांक का प्रावधान करने मांग रखी। इस दौरान हूमांशु साहू, भूपेश भाग, हिमांशु वर्मा, तेजप्रकाश, प्रनभ, नितिन, वर्षा सहित कई छात्र मौजूद थे।

- छात्रों का आरोप, कुलसचिव ने दी एफआईआर कराने की धमकी

### यह है मामला

रविवि द्वारा बीते दिनों बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। इसमें बड़ी संख्या में छात्र फेल और एटीकेटी श्रेणी में आए। कई छात्रों द्वारा अपने नतीजों को लेकर असंतुष्टि जाहिर की गई। इसके बाद छात्रों ने विवि प्रबंधन से मुलाकात कर छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं दोबारा जांचे जाने की मांग रखी थी। कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद छात्रों ने सोमवार को दोबारा अपनी मांगें रखीं। पुलिस बल भी इस दौरान तैनात रही। हालांकि बल प्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई। इस दौरान एबीवीपी के आशीष सिन्हा, मन्न साहू, जितेश नेताम, अविरल सहित अन्य छात्र नेता और विद्यार्थी शामिल रहे।

# भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



भारतीय जनता युवा मोर्चा पांडुका मंडल के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर प्रत्येक घरों में युवा मोर्चा के पदाधिकारी निरंतर भाजपा के समर्थन में लगे हुए हैं। ज्ञात हो कि चुनाव दो दिन ही शेष है 26 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के समर्थन में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गौतम शर्मा क्षेत्र के ग्राम पोंड पाण्डुका, सरकड़ा, आसरा, कुरूद, अतरमरा एवं अन्य गांव में पहुंचकर बूथ प्रबंधन के युवा कार्यकर्ता की बैठक लेकर मोर्चा संभाल रहे हैं और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में घर-घर जाकर मतदान की अपिल कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ कि प्रत्येक घरों में जाकर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की जिम्मेदारी का वहन कर रहे हैं। गौतम शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं क्षेत्र की युवा साथियों के साथ युवा जन चौपाल के माध्यम से ग्राम पंचायत पोंड मे आत्मीय संवाद कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील कर रहे हैं। इनमें उनके लिए मतदाता सूची और मतदाता पर्चियां मुहैया कराई गई है। लोकसभा चुनाव में बूथ प्रबंधन में जुटी भाजपा ने अपने सभी कार्यकर्ताओ को विशेष सावधानी और सतर्क रहने कहा गया है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक साहू, तेषन सिंह ध्रुव, गोपाल साहू, ओंकार साहू, जवाहर शर्मा, युवराज साहू, मुन्नू सिन्हा एवं भाजयुमो के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### क्षेत्र के ग्रामीणों का...

में चाहे गरीब हो या अमीर सबके घर आसानी से पत्ता में भोजन परोसा जाता है।

**प्लास्टिक व थर्माकोल पर्यावरण को कर रहे हैं दूषित-** वनांचल क्षेत्र के लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र मे पत्तों से बने प्लेट में भोजन करना शुद्ध माना जाता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर आधुनिकता के इस दौर में बड़े शहरों में पॉलीथिन कोटिंग कागजो व थर्माकोल के प्लेट लोगों को ज्यादा आकर्षित कर रहा है, लेकिन यह लोगों के सेहत के साथ ही पर्यावरण के लिए काफी नुकसान देयक माना जाता है। इसकी साफ- सफाई में ही हजारों रूपये पानी की तरह खर्च किया जाता है। पिछले दिनों एक सर्वे में सामने आया है कि विदेशो में भी अब पत्तों से बने पात्रे की मांग बढ़ी है। जर्मन कंपनी लीफ रिपब्लिक इसका जमकर उत्पादन कर रही है। उसने यह दावा किया है कि अब विदेशों में लोग पत्तों से बने प्लेट व अन्य पात्रों की मांग कर रहे है।

### जिले में आज...

समाप्ति के लिए निर्धारित समय समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उम्मीदवार सिनेमेटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधी सामग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं करेंगे। किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एक्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक सहित अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर 24 अप्रैल 2024 के शाम 6 बजे से प्रतिबंधित होगा। प्रिंट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार समाग्री का अंतिम 48 घंटे के पूर्व प्रकाशन का प्रमाणन आवश्यक होगा।

**लाउड स्पीकरों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं-** किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की वाहनों पर या किसी भी अन्य तरीके से लगे लाउड स्पीकरों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। मतदान बंद होने से 48 घंटे पहले चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्र में राजनैतिक पदाधिकारियों के उस क्षेत्र का मतदाता नहीं हैं, के रहने पर प्रतिबंध होगा। सभी दलों और उम्मीदवारों को मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के समाप्त होने वाले 48 घंटे के अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा एवं जुलूस का आयोजन नहीं किया जाएगा।

### मतदाताओं का स्वागत...

विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गरियाबंद जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान अवश्य रूप से करें। शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनेक जनजागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### प्रेक्षक अनिल ने...

केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर एसडीएम विशाल महाराणा, सीएमओ संध्या वर्मा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के बर्मन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक धनेंद्र ने मंदिर पहुंचकर पूजा की

**नवापारा-राजिम।** पूर्व विधायक धनेंद्र साहू श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सुभाष चौक स्थित हनुमान जी महाराज के मंदिर में पहुंचकर पूजा, अर्चना कर समूचे क्षेत्र के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया।

### खरोरा में मनाई गई हनुमान जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान हनुमान जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्घालु हनुमान की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में पहुंच रहे। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महाराज संतोष, सनत चंद्राकर, रुकमणी चंद्राकर, जब्बर सिंह चंद्राकर, गुलजारी, नरेंद्र, भुवनेश्वर, ममता, रेणुका, योगेश्वरी, माया, शकुन, ममता, कामेश चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन के लिए प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया है कि आवेदन कर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

### हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ. संपत

बसना। नगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल महाआरती में शामिल होकर हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। और मिष्ठान व लड्डू वितरण किए। विधायक ने कहा कि आज भगवान रामचंद्र के परम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव है। हनुमान भक्तों के संकटमोचन हैं।

# नगर के दुकानों में जाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## जनपद कार्यालय से बस स्टैंड तक रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक




### मताधिकार का उपयोग करने की अपील

इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में "लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है" आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत "सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन के द्वारा रैली निकाला गया।

## कार्यक्रम : हनुमान भक्ति में सराबोर रहा नगर सहित क्षेत्र का कोना-कोना

# हनुमान जन्मोत्सव : निकाली शोभायात्रा मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम हरदीभाठा में विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया। एवं श्रीराम सेना एवं समस्त अंचल वासियों द्वारा शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रथ में हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के साथ यह शोभायात्रा प्रमुख मार्ग होते हुए बस स्टैंड मैनपुर हनुमान जी के मंदिर पहुंची। जहां विशेष पूजा अर्चना किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रथ में हनुमान की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आकर्षक साजसज्जा के साथ शोभायात्रा निकाली गई है। वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड हनुमान मंदिर व गांव-गांव में हनुमान के मंदिर में आज विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान जी का श्रृंगार कर नई पोषाक धारण करवाई गई और जगह-जगह रामायण पाठ के साथ हनुमान चालीसा की चौपाई गुंजायमान हुई। मंदिरो में पूजा अर्चना करने भारी भीड़ लगी रही। मैनपुर नगर में श्री रामसेना हिन्दु संगठन के द्वारा हनुमान मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही खीर, फल व शरबत वितरण किया गया। नगर स्थित बस स्टैण्ड, मुख्य मार्गो एवं हनुमान जी के मंदिर को चारो तरफ भगवा ध्वज व तोरण पताको के साथ श्रीराम सेना हिन्दु संगठन मैनपुर द्वारा विद्युत झालरो से सजाया गया है, हनुमान जन्मोत्सव पर्व के चलते नगर सहित क्षेत्र मे धार्मिकमय महौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीराम सेना के अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, रूपेश साहू, नंदकिशोर चौबे, योगेश शर्मा, केशव बंछोर, लखन साहू, मुकेश सिन्हा, दिनेश सचदेव, हर्ष दास, रोमेश बन्छोर, चुम्मन प्रसाद पाण्डेय, गजेन्द्र यादव, सालिक राम पटेल, रामसाय निर्मलकर, भरतदास मानिकपुरी, डोमार पटेल, सवितानंद साहू, टिकेन्द्र निर्मलकर,बुधेश्वर साहू, लिबास पटेल सहित पुरे क्षेत्र के लोग बडी संख्या में उपस्थित थे।





### मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

तहसील मुख्यालय मैनपुर से पांच किलोमीटर दुर ग्राम जिडार एवं देहारगुडा हनुमान मंदिर में आज विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना किया गया। इस दौरान पूरे गांव के साथ क्षेत्र के लोग सुबह से रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यहां अपार श्रद्धालुओं की भीड तथा हजारों भक्तों के लिए भंण्डारा भोजन की व्यवस्था किया गया है, मंदिर में पूजा अर्चना करने श्रद्धा का जनसैलाब उमडा पड़ा है, देर रात तक रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### देर रात तक नगर भ्रमण

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदगम स्थल भाठीगढ शिव मंदिर के पुजारी माखनदास वैष्णव द्वारा हनुमान जी के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर शाम 7:00 बजे विशाल शोभायात्रा निकल गई। इस शोभायात्रा में धूमाल और गाजे-बाजे के साथ भक्तगण जमकर थिरक रहे। शोभायात्रा के साथ जय-जय श्री राम के नारे लगाते हुए पूरे भाठीगढ़, हरदीभाटा एवं मैनपुर नगर का देर रात तक भ्रमण किया जाएगा।



# भगवान हनुमान को लगाया गया 56 भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के चैत्र ग्राम मोड़ पर स्थित तीन मंदिरों के संगम मे भगवान हनुमान की जयंती पूरी श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण मनाया गया। मंगलवार को चैत्र मोड़ के पास साई शनि हनुमंत मंदिर के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर मे भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर पंडित के मंत्रेपचार के साथ यज्ञ हवन पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें संचालक सदस्यों सहित नगर के नागरिकों ने पूजन अर्चन कर पूर्णाहूति दी।इस अवसर पर भगवान हनुमान जी को 56 प्रकार के भोग लगाये गये। वहीं पर जय किरण मानस समिति सोनेसिल्ली के द्वारा मानस गान का पाठ किया गया। पूरा मंदिर परिसर हनुमान चालीसा एवं हनुमान जी की आरती से भक्तिमय रहा। कार्यक्रम मे शामिल हुए सभी हनुमान भक्तों को भोग प्रसादी का वितरण किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम मे पुजारी विकास तिवारी, उमेश यदु, भोज साहू, रवि साहू, मनोज निर्मलकर, विनोद साहू, जयप्रकाश गायकवाड़, प्रकाश साहू, थनेश्वर साहू, डोगेन्द्र पाडे.जितेन्द्र श्रीवास, अभिषेक दुग्गड़, दीपक श्रीवास, संतोश थदानी, जगदीश यदु, तेजेश यदु, हेमंत भोसले, उशा साहू, कामनी साकार, रोहित सिन्हा, कुंजन लाल साहू, विरेन्द सोनी आदि शामिल रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध अनुष्ठान

**राजिम।** हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर विधायक रोहित साहू ने अपने निवास में बने हनुमान जी के मंदिर में अनुष्ठान के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। समूचे अंचल में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया। सुबह से देर शाम तक सुंदरकांड पाठ के अलावा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। जगह-जगह कहीं खीर पूड़ी तो कहीं हलवा पूड़ी का प्रसाद भक्तों में बांटा गया। हनुमान जी के मंदिरों में विधि विधान पूर्वक हनुमान जी की पूजा पाठ किया गया। साथ ही मंदिरों को आकर्षक भगवा रंग में सजाया गया। राजिम नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा 27 अप्रैल को नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर से निकाली जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। इसके लिए पूरे नगर को तोरण, पताकों से सजाया गया है। आयोजकों का कहना है कि साल में एक बार यह अवसर मिलता है जब हनुमान जी की भक्ति में लीन रहते है।



## हेमंत को निज निवास तक छोड़कर दी गई विदाई



**अभनपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वाधान में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर (थलसेना) में आर्टिलरी के लिए चयनित अभ्यर्थी हेमंत कुमार पाल छोटे उरला अभनपुर का प्रशिक्षण ग्राउंड में विदाई समारोह आयोजित कर स्मृति चिन्ह श्रीफल एवं साल तथा पुष्प कुछ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य कामना करते बाजे गाजे के साथ बाईक रैली करते हुए प्रशिक्षण ग्राउंड से उनके निज निवास छोड़कर विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षक नायक योगेश कुमार साहू, नायक कमलनारायण मिश्रा, नायक यश्वनी साहू, हवलदार ईश्वरीलाल गायकवाड, हेमंत कुमार साहू शिक्षक, नवीन भारती, संतोष रेड्डी असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ, संतोष कुमार साहू वाणिज्य अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर हरेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ तथा समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने थलसेना में चयन होने के लिए बधाई दिया। हेमंत कुमार पाल 23 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आर्टिलरी सेंटर हैदराबाद प्रस्थान किया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा : सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




- साय की सरकार ने अविश्वसनीय कार्य किया

उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री एवं आध्यात्मिक गुरु सतपाल जी महाराज ने अभनपुर विधानसभा के ग्राम खोरपा में पहुंचकर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में मांगे वोट। सतपाल जी महाराज ने सभा को संबोधित करते कहा कि केंद्र के मोदी सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। मोदी गांव गरीब की सरकार है। मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक सशक्त और मजबूत नेता के रूप में मोदी का वर्चस्व कायम है। सैकड़ो वर्षों से देश में व्याप्त गलत नीतियों को मोदी सरकार ने हटाने का काम किया। जिसमें धारा 370, तीन तलाक जैसे कानून शामिल है अयोध्या में प्रभु राम जी का मंदिर स्थापना हिंदुत्व राष्ट्र की कल्पना एवं राष्ट्रवाद पर आधारित है। कोरोना जैसे भीषण महामारी के दौर में भी मां भारती के वीर सपूत नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के लोगो को सुरक्षित करने का कार्य किया है। देश में दवाई एवं टीका का निर्माण कर अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की एक नई पहचान रखा। कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पैर छूकर सतपाल जी महाराज से आशीर्वाद लिया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा रायपुर लोकसभा से जनता ने आशीर्वाद दिया तो क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ की समुचित विकास गारंटी है।

किसान और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मोदी जी एवं विष्णु देव साय की सरकार ने अविश्वसनीय कार्य किया है। वहीं विधायक इंद्र कुमार साहू ने अभनपुर विधानसभा से भारी वोटो से जीत दिलाने आश्वसत किया। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, संतोष शुक्ला, किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल, पारसमणी साहू, अनिल अग्रवाल, संगीता शर्मा, नेहरू लाल साहू, माधो प्रसाद मिरी, सूरज साहू, भेखराम साहू, बिहारी साहू, खेलूराम साहू, रेखा बघेल, रामसिंग साहू, देवकी साहू, अनिल साहू, अर्जुन धीवर, हरीश वर्मा, रवि वर्मा, संध्या नामदेव, अंबिका कोसले, प्रकाश नामदेव, जामबाई साहू, पूर्णिमा साहू, हुलास साहू सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्र की मोदी सरकार ने देश की जनता को छलने का कार्य किया : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



## जनता से किया वायदा भाजपा ने पूरा नहीं किया : ध्रुव

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में पहुंच कर दो दिवसीय संघन जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को विजयी बनाने की अपील किया। मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर, इदागांव, मैनपुर एवं बरदुला पहुंच घर -घर ग्रामीणों से मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी उनके साथ थे। ग्राम बरदुला में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव काफी महत्वूपर्ण चुनाव है, पिछले 10 वर्षो में भाजपा सरकार ने देश की जनता को सिर्फ धोखा देने का काम किया है, विकास तो दूर सिर्फ जुमलेबाजी करने का काम किया है। आज मंहगाई से देश के भीतर हर वर्ग के लोग बेहद परेशान हो गये है, बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। लेकिन यह सब केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार को दिखाई नहीं देता। केंद्र के मोदी सरकार बड़े- बड़े उद्योगपति, अडानी और अंबानी की सरकार है। उन्होने कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र के मोदी सरकार को जवाब देने का। उन्होने समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने घर से निकलकर मतदान कीजिए। आज यह चुनाव देश की युवाओं को रोजगार दिलाने महिलाओं को उनके हक दिलाने का चुनाव है। बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि पिछले 15 वर्षो से यहां भाजपा के सांसद है और विधायक थे। उन्होने इस क्षेत्र की जनता के लिए क्या काम किये है, उन्हे जनता को बताना चाहिए कि इस क्षेत्र के ग्रामों में आने से सांसद कतराते हैं, विकास तो बहुत दूर की बात जनता से किया वायदा भाजपा ने पूरा नहीं किया, न तो देश के बेरोजगारों को रोजगार मिला और न ही 15-15 लाख रूपये किसे के खाते में आया। आज पेट्रोल व रसोई गैस की कीमत आसमान छु रहा है। जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था लेकिन रोजगार नहीं मिला। वहीं अब नया राशन कार्ड में चावल को घटाया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, गोंविद रेंगे, टीकम सिंह कपील, अशोक दुबे, सेवन पुजारी, श्रवण सतपति, पंकज मांझी, ललिता यादव, बृजलाल सोनवानी, सुखचन्द्र ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बारूला में हनुमान जन्मोत्सव मना

**फिंगेश्वर।** मंगलवार को ग्राम बारुला के बीच चौक में विराजित हनुमान मंदिर में टिंबर व्यवसायी नोस साहू परिवार द्वारा ग्राम, परिवार की खुशहाली एवं सुख समृद्धि के लिए धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे पंडित लोकेश मिश्रा के मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कर पूर्णाहूति दी गई। रामायण एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती पूजा के उपरांत प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम के नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व अपर कलेक्टर बीसी साहू रायपुर, पूर्व पंचायत प्रतिनिधि सुखदेव साहू, शिक्षक केशो राम साहू गरियाबंद,अधिवक्ता घनाराम साहू राजिम,शिवचरण साहू,संदीप साहू,मोती यादव,तिरिथ यादव, निखिल साहू,घनश्याम गुप्ता, पंडित लोकेश मिश्रा,पोहत साहू आदि की उपस्थिति थी।

### मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना हैं : साहू

**मैनपुर।** भाजपा बिन्द्रानवागढ विधानसभा संयोजक नरोत्तम साहू ने कहा कि केंद्र में दो बार भाजपा



की सरकार बन चुकी है और तीसरी बार भारी बहुमत के साथ नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है भारत को विश्व गुरू बनाने वाला चुनाव है, भाजपा शासन में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश आगे बढ़ रहा है, श्री साहू ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की घोटलों और भ्रष्टाचार को छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा। भुपेश सरकार ने प्रदेश में तबाही मचा रखी थी इसलिए प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को पांच साल बाद उखाड फैंका।

### बूढ़ाडोंगर पर्वत बस्तीपाली में चैतराई पर्व मनाया

**बसना।** जिले के बसना क्षेत्र के प्राचीन नाम फुलझर राज्य की राजधानी बस्तीपाली जो विख्यात बूढ़ाडोंगर पर्वत श्रृंखला के सुरम्य वनाच्छादित तलहटी पर बसा ग्राम है, जहां गोंडवाना सूर्यवंशी जगत राजवंश के प्राचीनकालीन कुलदेवी मां इक्कीसों बहिनियां देवी देवठाना स्थित है। इस पवित्र देवठाना में प्रतिवर्ष शारदीय आश्विन और वासंतीय चैत्र दोनों नवरात्रों में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाती है। चैत्र माह के स्नान दान व्रत पूर्णिमा तिथि को गोंडवाना रीति नीति, गोंडी धर्म संस्कृति रूढ़ीजन्य परंपरानुसार चैतराई पर्व पर यज्ञमान, बैगा, पंडा-पुजारियों और श्रद्धालु माता भक्तजनों द्वारा भगवान बूढ़ादेव मां इक्कीसों बहिनियां माताओं का सर्व देवा-देवी देवाव्हान मंत्र जाप महाआरती विश्व कल्याण, सुख समृद्धि, धन-धान्य के लिए हवन पूर्णाहुति, इक्कीस नवकन्याओं का माता देवी श्रृंगार कर प्रकृति प्रदत्त महुआ, आम, तेंदू, चिरौंजी, मड़िया फल का भोग अर्पित किया गया। बाद महाप्रसाद वितरण कर मनोकामना व्रत का समापन किया गया।




जन्मोत्सव : पूरा शहर गूंज उठा श्रीराम और हनुमान के जयकारों से, शोभायात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में मंगलवार को एक तरफ जहां हनुमान जी के सभी मंदिरों में काफी धूमधाम के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बजरंग दल व सर्व हिन्दु समाज द्वारा मंगलवार शाम को विशाल शोभायात्रा श्री नरसिंगनाथ अखाड़ा शीतलापारा से निकाली गई। शोभायात्रा निकालने के पूर्व यहां सुबह 11 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और मंदिर पहुंचने वाले तमाम हनुमान भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। शाम को श्रीनरसिंगनाथ मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकली यह शोभायात्रा शीतला पारा होते हुए काली मंदिर, सुभाष चौक, शिव चौक, कुम्हार पारा, सदर मार्ग, चांदी चौक, नेहरू गार्डन, महावीर चौक, पंजवानी चौक, लाल चौक, कृषि उपज मंडी, गंज मार्ग से होते हुए वापस नरसिंगनाथ मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बजरंग दल सहित शहर के युवाओं ने हर्ष और उल्लास के साथ हिस्सा लिया।

**भगवामय हुआ पूरा शहर-** शोभायात्रा में भगवान श्रीरामचंद्र जी की झांकी और ढोल के साथ भक्तों द्वारा पवन पुत्र हनुमानजी की जय, जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिश तीहू लोक उजागर, जय जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। सभी वर्ग के लोगों ने ठंडा पानी और शर्बत का इंतजाम कर रखा था। शोभायात्रा के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था थी। पूरा शहर भगवा रंग के तोरन-पताकों, ध्वज से सजा हुआ था जो काफी आकर्षक दिखाई दे रहा था। शोभायात्रा में मुकुंद मेश्राम, गुलाब राव, नागेन्द्र वर्मा, संजय साहू, भूपेन्द्र सोनी, राजू रजक, सुमीत सोनी, कुणाल मिश्रा, राजेश गिलहरे, अनुज राजपूत, रामकरण साहू सहित बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त व शहर के युवा शामिल थे।

**हनुमान मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता-** शहर के सभी मंदिरों में मारूतिनंदन हनुमान जी का जन्मोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से देर रात तक भजन, हनुमान चालीसा और संगीतमय रामायण चलता रहा। शहर केसरिया ध्वज से अटा हुआ था। जगह-जगह पूजा-पाठ, हवन और प्रसादी वितरण किया जाता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक नवापारा और राजिम दोनों ही शहर के सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। विशेष रूप से बस स्टैण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के सार्वजनिक हनुमान मंदिर में संकटमोचन सुंदरकांड समिति द्वारा अभिषेक, चोला वंदन, श्रृंगार, पूजा-अर्चना और महाआरती पंडित कन्हैया तिवारी के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चला। भोग के बाद सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रसादी वितरण किया गया।



### हनुमान जी का हुआ विशेष श्रृंगार

राधाकृष्ण मंदिर स्थित हनुमान जी महाराज की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार मेवा-मिष्ठान एवं मोतियों से किया गया। सुबह जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के बाद ध्वजा चढ़ाई गई। इसके साथ ही श्री सालासार सुंदरकांड जनकल्याण समिति द्वारा चालीसा पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ संगीत के साथ किया गया। समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भारी भीड़ के साथ अनवरत पाठ के द्वारा हनुमान भक्ति का ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु नतमस्तक हो गए। दोपहर भण्डारा सजाया गया। समिति की सदस्य बालिकाओं ने सभी को आग्रह पूर्वक भोजन प्रसादी का वितरण किया।





## अंचल में श्रद्धा-भक्ति से मना जन्मोत्सव, हवन भंडारे में सैकड़ों शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के विभिन्न स्थानों सहित आसपास के गांव में हनुमान जयंती काफी उत्साह के साथ मनाया गया। हनुमान जी के सभी मंदिरों में सुबह 5:00 बजे से लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचते रहे और दिनभर यज्ञ हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम चलता रहा। नगर के बजरंग चौक में सुबह 5:00 बजे से ही लोग पूजन सामग्री लेकर घी का दीपक, केला, चना चोला, बंदन लेकर हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना का आशीर्वाद लिया। बजरंग चौक के आसपास के युवाओं द्वारा पंडित यगेश प्रसाद पांडे के मार्गदर्शन में विशेष पूजा अर्चना एवं हवन कर महा आरती का कार्यक्रम किया गया। नगर के मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार द्वारा सुबह रामायण पाठ कर हनुमान जयंती मनाया गया। कोसुमबुड़ा घाट पर सेन समाज द्वारा हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। जिसमें समाज के प्रतिनिधि अधिक संख्या में उपस्थित थे। एवं ग्राम कसहीबाहरा में हनुमान मंदिर में विशेष पूजा चलकर प्रसाद वितरण किया गया। छुही नाला में विराजित हनुमान मंदिर का प्रदीप गुप्ता एवं युवाओं द्वारा पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। एवं सभी लोग आशीर्वाद लिए, पूरे क्षेत्र में हनुमान जयंती के अवसर पर भक्ति में वातावरण जगह पर प्रसाद वितरण किया गया। नगर के मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार के विभिन्न सदस्य सहित नगर के बजरंग चौक में नरेंद्र पटेल, शीतल ध्रुव, नारायण पटेल, बसंत साहू, विशाल कोठारी, माधव साहू, ललित साहू, गोविंद यादव, मेशनन्दन पांडे, प्रमोद साहू महेंद्र पटेल, शिव ठाकुर एवं इसी तरह सेन समाज के कार्यक्रम में अध्यक्ष भवानी शंकर सेन, विजय कौशिक सहित सामाजिक बंधु एवं छुही नाला में प्रदीप गुप्ता, शैलेंद्र दीक्षित, मोनु दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव सहित विभिन्न लोग शामिल होकर पूजा में भाग लिया।





## जमाही में मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मंगलवार को अचंल के मंदिरों, निज निवास में स्थापित मुर्ति हनुमान का पूजन कर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे क्षेत्र में जयंती धूमधाम से मनाई गई। घटारानी जमाही में मुख्यमार्ग में स्थापित किये गये हनुमान की पंडित विष्णु शर्मा ने विधिवत पूजा के साथ मानस पाठ, बजरंग पाठ किया गया। दिन में 12 बजे जन्मोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। भक्तों ने पूजा स्थल पर पहुंचकर आरती में शामिल होकर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारा लगाए। हर वर्ष की तरह हनुमान के भक्त अनुज ध्रव, मोहन सिंह ध्रुव, अशोक ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, यशोदा, तेज सिंह ध्रुव, चेतना, नरेंद्र सिंह ध्रुव, लोकेश ध्रुव, मोनिका, योगेश, झनक, दीपेश, समृद्धि, ध्रुव परिवार, ग्राम जमाही की अगुवाई में आयोजित भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों को भी रोक कर खीर पुड़ी वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान जी को लाल चुनरी एंव सिंदूर चोला से विशेष श्रृंगार किया गया था। पान सुपाड़ी, श्रीफल, गुड़, चना, रोठ का भोग लगाया गया था।



## हनुमान जन्मवोत्सव पर हवन के साथ भोग प्रसादी का वितरण

### नगर सहित अंचल में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर सहित अंचल में हनुमान जन्म उत्सव हर्षोंउल्लास के साथ पूरी श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण मनाया गया। लोगों ने हवन पूजन कर यज्ञ में पूर्णाहूति दी एवं आरती पूजा के बाद प्रसादी वितरण किया गया। मंगलवार को नगर के गार्डन के सामने साहू परिवार के द्वारा अपने हनुमान मंदिर मे पूजा अर्चना कर हनुमान जयंती मनाया एवं लोगों को भोग प्रसादी का वितरण किया। वहीं पर वार्ड 13 में ही सरकारी आवासीय कॉलोनी के पास हनुमान मंदिर मे भगवान हनुमान की पूजा अर्चना के साथ संगीत मय भजन कीर्तन कर हनुमान की आराधना की। इसी प्रकार अटल बाजार के सामने हनुमान मंदिर में हनुमान की पूजा अर्चना कर भोग प्रसादी का वितरण किया गया। बजरंग दल के युवकों के द्वारा पुराने बस स्टेड में भोग प्रसादी का वितरण किया गया। इसी प्रकार जामगांव में भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर जगतराम साहू लोकराम साहू के द्वारा मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार बोरसी चौक में हनुमत लल्ला टी स्टाल के पास अरू साहू का कार्यक्रम आयोजित



### हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ प्रसाद वितरण

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जगह जगह भण्डारा प्रसाद वितरण के साथ ही अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये मैनपुर बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर के पास सुबह से देर शाम तक प्रसाद वितरण किया गया।



## हरदी में श्रद्धालुओं को किया गया प्रसाद वितरण



**छुरा।** हनुमान प्राकट्य उत्सव के अवसर पर ग्राम हरदी में श्रद्धालु व भक्तगणों ने हवन एवं पूजा अर्चना कर दिनभर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना एवं अशोक शरन महाराज आलयोध्या के द्वारा हवन पूजन किया और अपने शिष्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर लखन तिवारी, भरत साहु, सरपंच संतु राम ध्रुव,अजय नागदेव, रजत कुकरेजा, चोखेलाल साहु, भोलेशंकर जायसवाल, लोकेंद देवांगन, दुष्यंत सिन्हा, आयोजक रुपनाथ बंजारे, कन्हैया यादव गोलू यादव, रमेश तारक, मन्नू ध्रुव उपस्थित थे।

